अध्यक्ष का संदेश / Chairman's Speech
2023



डिजिटल कौशल के माध्यम से
# संवहनीयता
हेतु प्रतिबद्ध

Committed to
# Sustainability
***driven by digital prowess***

www.unionbankofindia.co.in

G20
Azadi Ka Amrit Mahotsav
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking
VYOM
Mobile Super App.



21st Annual General Meeting of
**Union Bank of India**

August 04, 2023 – Mumbai

Address By: **Mr. Srinivasan Varadarajan,**
Chairman, **Union Bank of India**

21st Annual General Meeting of
**Union Bank of India**

August 04, 2023 – Mumbai

Address By: **Mr. Srinivasan Varadarajan,**
Chairman, **Union Bank of India**

***प्रिय शेयरधारक,***

सुप्रभात !

» आपके बैंक की 21वीं वार्षिक महासभा बैठक में आपका स्वागत करना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है. आपके मूल्यवान समय और बैंक की गतिविधियों में आपकी निरंतर रुचि के लिए धन्यवाद.

» अब मैं आपको विगत वर्ष के दौरान भारत और विश्व स्तर पर हुई घटनाओं की पृष्ठभूमि में आपके बैंक के प्रदर्शन के बारे में जानकारी देना चाहूँगा.

## 1. स्थूल अर्थव्यवस्था (Macro Economy):

» वैश्विक परिवेश में महत्वपूर्ण चुनौतियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2023 में भारतवर्ष के समग्र मैक्रो-आर्थिक परिवेश में निरंतर सुधार देखा गया. वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि 7.2 प्रतिशत पर सुदृढ़ रही, जो सरकार के पूंजीगत व्यय प्रोत्साहन और निजी खपत में उछाल वाली मजबूत निवेश गतिविधि पर आधारित थी. निरंतर संवृद्धि की गति, मुद्रास्फीति में कमी, सीमित चालू खाता घाटा (सीएडी), बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार, चालू राजकोषीय समेकन और एक मजबूत वित्तीय प्रणाली अर्थव्यवस्था को सतत संवृद्धि के पथ पर स्थापित कर रही है.

» आगे बढ़ते हुए, बाहरी मांग का धीमा होना, असमान बारिश और अनिश्चित वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों के संयोजन के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में संवृद्धि थोड़ी धीमी होने की संभावना है. आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.5इ आंका है. संवृद्धि में नरमी के बावजूद, भारतवर्ष के पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने की पूरी उम्मीद है.

## 2. बैंकिंग क्षेत्र का वातावरण :

» वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुद्रास्फीति से निपटने और विकास को समर्थन देने के लिए आक्रामक रुख अपनाया. इसने मई 2022 से फरवरी 2023 तक पॉलिसी रेपो रेट में 250 आधार अंकों की बढ़ोतरी की.

» ब्याज दरों में वृद्धि के बावजूद, अर्थव्यवस्था में पुनरुत्थान की मांग के कारण ऋण वृद्धि मजबूत बनी हुई है. बैंकों ने संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) और इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) में एक स्थिर वृद्धि की है. बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) दशक के निचले स्तर पर हैं, वहीं पूंजीकरण स्तर और प्रावधान कवरेज अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं.

» यह वर्ष बैंकिंग उद्योग में डिजिटल अपनाने के मामले में महत्वपूर्ण परिवर्तन का दौर भी रहा. बैंक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश कर रहे हैं, जो उन्हें निर्बाध और सुरक्षित ग्राहक अनुभव प्रदान करने, प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने और तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य के अनुकूल उन्हें तैयार करने में सक्षम बना रहे हैं.

## 3. भविष्य के लिए तैयार बैंक :

» आपके बैंक ने समामेलन की यात्रा में महान उपलब्धियां हासिल की हैं. आपका बैंक आज कारोबार के मामले में देश का 5वां सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक (झ्एँ) है.

» विभिन्न समामेलन परिवर्तन पहलों को पूरा करने के लिए, प्रोजेक्ट समर्थ 2.0 शुरू किया गया है. परियोजना के उद्देश्य में बेहतर ग्राहक अनुभव और सेवाओं के साथ-साथ परिचालन और लागत दक्षता हासिल करने के लिए विभिन्न उत्पादों, प्रक्रियाओं और बैक ऑफिसों का डिजिटलीकरण शामिल है. इन पहलों के माध्यम से, बैंक का लक्ष्य डिजिटल यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एक ब्रांड बनाना है.

## 4. आपके बैंक के कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताओं पर समीक्षा :

» आपके बैंक के व्यवसाय और वित्तीय स्थिति ने वित्त वर्ष 2023 के दौरान मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो बैंकिंग क्षेत्र में समग्र उछाल को दर्शाता है.आपके बैंक ने व्यवसाय, लाभ ' लाभप्रदता, आस्ति गुणवत्ता और पूंजी पर्याप्तता आदि के मामले में बेहतर आंकड़े हासिल किए हैं.

» हालांकि वित्त वर्ष 2023 हेतु आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट उसके वित्तीय प्रदर्शन का विस्तृत दृश्य प्रस्तुत करती है, कृपया मुझे मुख्य हाइलाइट्स को संक्षेप में प्रस्तुत करने की अनुमति दें.

## 5. कारोबार की मुख्य-मुख्य बातें (हाइलाइट्स) :

» 31 मार्च, 2023 तक आपके बैंक का वैश्विक कारोबार 10.23% की वृद्धि दर्ज करते हुए 19.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया. 31 मार्च, 2023 को बैंक की कुल

*Dear Shareholders,*

Good morning to all of you.

» It is my privilege to welcome you to the 21st Annual General Meeting of your Bank. Thank you for your time and your continued interest in the activities of the Bank.

» I will now brief you on the performance of your Bank in the backdrop of the events in India and globally during the year gone by.

## 1. Macro Economy:

» Despite significant challenges in the global environment, Fiscal 2023 marked continued improvement in India's overall macro-economic environment. The economic growth remained robust at 7.2 percent for the fiscal year 2022-23, underpinned by strong investment activity reinforced by the government's capex push and buoyant private consumption. Sustained growth momentum, moderating inflation, a narrowing Current Account Deficit (CAD), rising Foreign Exchange Reserves, ongoing fiscal consolidation and a robust financial system are setting the economy on a path of sustained growth.

» Going forward, the growth is expected to slightly moderate in FY2023-24 due to a combination of factors, including slowing external demand, uneven rains and uncertain global financial conditions. The RBI has pegged the economic growth estimate for FY 2023-24 at 6.5%. Despite moderation in growth, India is expected to be the fastest growing major economy in the world.

## 2. Banking Sector Environment:

» During FY 2022-23, the Monetary Policy Committee (MPC) adopted an aggressive approach towards tackling inflation and supporting growth. It increased the policy repo rate by 250 basis points from May 2022 to February 2023.

» Despite the rise in interest rates, credit growth remained strong, following the resurgent demand in the economy. Banks steadily enhanced their Returns on Assets (RoA) and Returns on Equity (RoE). Banks Non-Performing Assets (NPAs) are near decade lows, with capitalization levels and provision coverage near all-time highs.

» The year also marked a period of significant transformation in terms of digital adoption in the banking industry. The banks are investing in cutting edge technologies, enabling them to provide seamless and secure customer experiences, optimising the processes, and adapt to the rapidly evolving digital landscape.

## 3. Future Ready Bank:

» Your bank has achieved great milestones in the amalgamation journey. Your Bank is today the 5th largest Public Sector Bank (PSB) in terms of business in the country.

» To carry out post amalgamation transformation initiatives, Project SAMARTH 2.0 has been undertaken. The objective of the project includes Digitization of various products, processes and back offices to achieve operational & cost efficiency along with enhanced customer experience and services. Through these initiatives, the Bank aim to create a brand of Digital Union Bank of India.

## 4. Review on Performance Highlights of Your Bank :

» Your Bank's business and financials registered strong growth during FY23 mirroring the overall upswing in the banking sector. Your Bank has achieved good set of numbers, in terms of business, profit & profitability, asset quality, and capital adequacy, among others.

» While the Integrated Annual Report of your Bank offers a detailed view of its financial performance for Fiscal 2023, please allow me to summarize the key highlights.

## 5. Business Highlights :

» The global business of your Bank reached ₹19.28 lakh crore as on March 31, 2023, registering a growth of 10.23%. Total Deposits

जमा राशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 8.26% की बढ़त के साथ 11.18 लाख करोड़ रुपये हो गई है और सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 13.05% की बढ़त के साथ 8.10 लाख करोड़ रुपये हो गया है.

» कासा और 2 करोड़ रुपये से कम की खुदरा सावधि जमा सहित कोर जमा, 31 मार्च, 2023 तक बैंक की कुल जमा का 74% है.

» आपके बैंक का खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) खंड, जो घरेलू अग्रिमों का 55.61% है, उसमें 31 मार्च 2023 तक 14.94% की वृद्धि हुई. इसमें खुदरा में 17.19% की वृद्धि, कृषि में 14.20% की वृद्धि और एमएसएमई में 13.06% की वृद्धि संचालित है.

» आपके बैंक ने 31 मार्च, 2023 तक क्रमश: 48.3%, 24.1% और 30.6% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ स्वर्ण ऋण, शिक्षा ऋण और वाहन ऋण सहित क्षेत्रों में उच्च संवृद्धि दर्ज की है.

» 31 मार्च, 2023 तकआपके बैंक का कॉर्पोरेट और अन्य अग्रिम 10.91% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 3.73 लाख करोड़ रुपये हो गया.

» प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र  के अग्रिमों के तहत 40% के सांविधिक लक्ष्य के मुकाबले, बैंक ने मार्च,2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 42.3% की उपलब्धि हासिल की है और एएनबीसी के सांविधिक लक्ष्य 18% के मुकाबले कृषि के अंतर्गत 19.0% की उपलब्धि प्राप्त किया है.

» आपके बैंक की भौगोलिक पहुंच 29 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों तक फैली हुई है, जिसमें 8,577 शाखाएं और 10,835 एटीएम शामिल हैं. बैंक की 3 विदेशी शाखाएँ, 5 पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियाँ, 3 संयुक्त उद्यम और 1 सहयोगी संगठन हैं.

## 6. आय और लाभप्रदता :

» आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के 21,873 करोड़ रुपये के परिचालन लाभ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2023 में 25,467 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ दर्ज किया, जो 16.43% वर्ष-दर-वर्ष की संवृद्धि को दर्ज करता है. आपके बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023 में 8,433 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 61.18% के संवृद्धि को दर्ज करता है.

» शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) विगत वर्ष के 2.94% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 3.07% हो गया, जबकि आपके बैंक का लागत-से-आय अनुपात वित्त वर्ष 2022-23 में 46.27% पर बना रहा.

» औसत संपत्ति पर रिटर्न (आरओएए) वित्त वर्ष 2022 के 0.47% के मुक़ाबले बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 0.69% हो गया और इक्विटी पर रिटर्न वित्त वर्ष 2022 के 10.11% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 13.26% हो गया.

» आपके बैंक के शेयर की प्राइस-टू-बुक (पी/बी) अनुपात वित्त वर्ष 2022 के 0.51 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 0.72 हो गया है.

» आपके बैंक ने तुलनपत्र को मजबूत करने के लिए रु. 4183 करोड़ से अधिक की पूंजी (बेसल घ्घ शिकायत एटी 1 और टियर घ्घ बांड) जुटायी है. 31 मार्च, 2023 तक आपका बैंक 16.04% के पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) और 12.36% के सामान्य इक्विटी टियर-घ्के साथ अच्छी तरह से पूंजीकृत है.

» आपके बैंक ने 31.03.2023 तक अपने सकल एनपीए अनुपात को वार्षिक आधार पर 358 बीपीएस कम करके 7.53% और शुद्ध एनपीए अनुपात को वर्ष-दर-वर्ष 198 बीपीएस घटाकर 1.70३ करके अपनी संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार किया है. 31 मार्च, 2023 तक प्रावधान कवरेज अनुपात वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 673 बीपीएस बढ़कर 90.34% हो गया.

## 7. संरचनात्मक परिवर्तन

» आपका बैंक बढ़ती व्यावसायिक मांग को पूरा करने के लिए तीव्र गति से क्षमताओं का निर्माण कर रहा है. अंडरराइटिंग मानकों में सुधार करने के लिए, आपके बैंक ने अपने खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्रों (आरएलपी), एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण केंद्रों (एमएलपी) और कृषि ऋण प्रसंस्करण केंद्रों (एएलपी) के माध्यम से खुदरा, एमएसएमई और कृषि के लिए केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्रों को नया रूप दिया है.

» आपके बैंक ने विशेष रूप से केंद्रित दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए गोल्ड लोन वर्टिकल, एजुकेशन लोन वर्टिकल, कॉर्पोरेट वेतन प्रभाग, लेनदेन निगरानी और धोखाधड़ी प्रबंधन, इन हाउस टीईवी सेल आदि सहित विशेष वर्टिकल बनाए हैं.

» एनपीए खातों के समाधान और वसूली में तेजी लाने के लिए, आपके बैंक ने देश भर में 30 एआरबी और 9 एसएएम शाखाएं परिचालित की हैं.

» बेहतर सेवा प्रदान करने और ग्राहक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए आपका बैंक संपत्ति प्रबंधन, राष्ट्रीय प्रसंस्करण केंद्र (एनपीसी), खुदरा संबंध केंद्र (आरआरसी), कॉर्पोरेट संबंध केंद्र (सीआरसी) आदि सहित अन्य विविध पहल भी लेकर आया है.

of the Bank increased by 8.26% year on year (YoY) to ₹11.18 lakh crore and gross advances grew by 13.05% YoY to ₹8.10 lakh crore as on March 31, 2023.

- The core deposits, including CASA & retail term deposits of < ₹2 crore, constitute 74% of the total deposits of the Bank as on March 31, 2023.
- Retail, Agriculture & MSME (RAM) segment of your Bank, which constitute 55.61% of domestic advances, increased by 14.94% YoY as on March 31, 2023. This growth is driven by 17.19% growth in Retail, 14.20% growth in Agriculture and 13.06% growth in MSME.
- Your Bank has registered a higher growth in segments including gold loan, education loans & vehicle loans with a YoY growth of 48.3%, 24.1% & 30.6% respectively as on March 31, 2023.
- The Corporate & other advances of Your Bank increased to ₹3.73 lakh crore, registering a YoY growth of 10.91% as on March 31, 2023.
- As against the statutory target of 40% under priority sector advances, the Bank has achieved 42.3% of the Adjusted Net Bank Credit (ANBC) for the year that ended March 2023 and the Bank's performance is 19.0% under agriculture against the statutory target of 18% of ANBC.
- Your Bank's geographical reach extends to 29 States & 5 Union Territories, covering 8,577 branches & 10,835 ATMs. The Bank has 3 overseas Branches, 5 wholly owned Subsidiaries, 3 Joint Ventures and 1 Associate Organization.

## 6. Earnings and Profitability:

- Your Bank reported an Operating Profit of ₹25,467 crore in FY23 as compared to ₹21,873 crore in FY22, registering a YoY growth of 16.43%. Net profit of your Bank stood at ₹8,433 crore in FY23, registering a YoY growth of 61.18%.
- Net interest Margin (NIM) improved to 3.07% in FY23, as against 2.94% in the previous year, while Cost-to-income ratio of your Bank maintained at 46.27% in FY 2022-23.
- Return on Average Assets (RoAA) improved to 0.69% in FY23 from 0.47% in FY22 & Return on Equity improved to 13.26% in FY23 from 10.11% in FY22.
- Price to Book (P/B) ratio of your Bank's share improved to 0.72 in FY23 from 0.51 in FY22.
- Your Bank has raised over ₹4183 Crores of capital (Basel III complaint AT 1 & Tier II bonds) during FY23 to strengthen its balance sheet. Your Bank is well capitalised with a Capital Adequacy Ratio (CAR) of 16.04% and Common Equity Tier I of 12.36%, as on March 31, 2023.
- Your Bank has improved its quality of assets by reducing its Gross NPA Ratio by 358 bps on YoY basis to 7.53% and Net NPA Ratio by 198 bps on YoY basis to 1.70% as on 31.03.2023. Provision Coverage Ratio improved by 673 bps on YoY basis to 90.34% as of March 31, 2023.

## 7. Structural Changes

- Your Bank is building capabilities at a rapid pace to meet the growing business demand. To improve the underwriting standards, Your Bank has revamped the centralized processing centers for Retail, MSME & Agriculture through its Retail Loan Processing centres (RLPs), MSME Loan Processing centres (MLPs) & Agriculture Loan Processing centres (ALPs).
- Your Bank has created specialized verticals including, gold loan vertical, education loan vertical, corporate salary division, Transaction Monitoring & Fraud Management, in house TEV cell, etc. to provide more focused approach.
- To expedite the resolution and recovery of NPA accounts, Your Bank has operationalized 30 ARBs & 9 SAM branches nationwide.
- Your Bank has also come out with various other initiatives, including Wealth Management, National Processing Centres (NPCs), Retail Relationship Centres (RRCs), Corporate Relationship Centers (CRCs) etc., to provide better service and to ensure customer connectivity.

## 8. डिजिटल पहल :

» यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों को निर्बाध डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए प्रोन्नत प्रौद्योगिकी समाधान को अपनाते आ रहा है.

» आपके बैंक का व्योम मोबाइल ऐप, 22 मिलियन से अधिक पंजीकरणों के साथ, ग्राहक जुड़ाव बढ़ाने के लिए 350 से अधिक सुविधाएँ और एक खोजपूर्ण यूआई/यूएक्स डि. जाइन प्रदान करता है.

» आपके बैंक ने डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए 90 से अधिक फिनटेक के साथ भी साझेदारी की है.

» इसके अतिरिक्त, म्यूचुअल फंड और बीमा व्यवसायों के लिए डिजिटल समाधान, एकीकृत ग्राहक अनुभव के लिए सीआरएम समाधान, ग्राहक संतुष्टि में सुधार के लिए डिजिटल संपर्क केंद्र और खाता एग्रीगेटर पारिस्थितिकी तंत्र के साथ एकीकरण जैसी पहल डिजिटल नवाचार के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

» आपके बैंक ने विभिन्न परिसंपत्तियों और देयता उत्पादों को कवर करते हुए 20፥ डिजिटल ऋण यात्राएं शुरू की हैं. ये यात्राएँ खातों की मंजूरी, नवीनीकरण और समीक्षा को डिजिटल सक्षम बनाती हैं.

» कुछ उल्लेखनीय डिजिटल ऋण यात्राओं में मुद्रा किशोर एसटीपी, मुद्रा तरुण एसटीपी, पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण (पीएपीएल), शिक्षा ऋण, फ्रेश केसीसी ऋण, जमा के सापेक्ष ऋण (एलएडी) इत्यादि शामिल हैं.

» भविष्यगत संवृद्धि और नवाचार की खोज में, आपका बैंक एआई/एमएल, 5जी, ब्लॉकचेन, मेटावर्स और डेवसेकऑप्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को अपना रहा है. आपका बैंक सक्रिय रूप से सोल्युशंस तलाशता है, फिनटेक कंपनियों के साथ साझेदारी बनाता है, और ग्राहक डेटा और प्राथमिकताओं का विश्लेषण करने के लिए अपने एनालिटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एसीओई) और डेटा लेक का उपयोग करता है, जिससे निजीकृत सेवाओं की सुपुर्दगी सक्षम होती है.

» आपके बैंक ने हितधारकों के बीच डिजिटल विश्वास बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से एक मजबूत साइबर सुरक्षा संस्कृति स्थापित की है. हैदराबाद में बैंक के परिसर में एक समर्पित साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र (सीसीओई) स्थापित किया गया है. आपके बैंक ने साइबर खतरों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए एक कुशल टीम के साथ 24⁄7 साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सी-एसओसी) स्थापित किया है.

## 9. ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक व शासन) :

» बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग परिषद, लंदन द्वारा निर्धारित एकीकृत रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुपालन में एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक के उत्पादों, सेवाओं और प्रदर्शन को छः पूंजियों में वर्गीकृत किया गया है, जिनके नाम हैं :

- विनिर्मित पूंजी
- वित्तीय पूंजी
- प्राकृतिक पूंजी
- बौद्धिक पूंजी
- मानव पूंजी
- सामाजिक और संबंध पूंजी

» इसके अलावा, बैंक ने संयुक्त राष्ट्र संधारणीय विकास लक्ष्यों (यूएन-एसडीजी), ग्लोबल रिपोर्टिंग इनिशिएटिव स्टैंडर्ड्स (जीआरआई) के कोर विकल्प का अनुपालन करने का भी प्रयास किया है, जिसमें सामान्य प्रकटीकरण के साथ-साथ बैंक से संबंधित विषय-विशिष्ट प्रकटीकरण भी शामिल हैं.

» बैंक ने इस रिपोर्ट में उल्लिखित कार्यनीतिक प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करने के लिए कर्मचारियों और ग्राहकों के साथ एक व्यापक भौतिक विश्लेषण सर्वेक्षण भी शुरू किया है. इस विश्लेषण के माध्यम से, बैंक ने उन विषयों की पहचान की है जो बैंक के आंतरिक और बाहरी हितधारकों की भौतिकता मूल्यांकन के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं. इन भौतिक मुद्दों को यूएनएसडीजी, जीआरआई और सस्टेनिबिलिटी अकाउंटिंग स्टैंडर्ड बोर्ड (एसएएसबी) में भी मैप किया गया है.

» इस समय, मैं वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बैंक की प्रथम एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट लाने के लिए बोर्ड सचिवालय के निवेशक सेवाएं प्रभाग को बधाई देना चाहता हूं.

» व्यावसायिक कार्यनीति, व्यावसायिक प्रक्रियाओं, आंतरिक शासन नीतियों, क्रेडिट रेटिंग/आकलन, प्रकटीकरण ढांचे, डेटा प्रबंधन और जोखिम संस्कृति में ईएसजी कारकों का सुचारू एकीकरण आपके बैंक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है.

» आपका बैंक इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) का संस्थापक सदस्य बन गया है, जो भारतीय उद्योग

## 8. Digital Initiatives :

- Union Bank of India continues to adopt advanced technology solutions to deliver a seamless digital experience to our customers.
- Your Bank's Vyom mobile app, with more than 22 million registrations, offers over 350 features and an explorative UI/UX design to enhance customer engagement.
- Your Bank has also partnered with over 90 fintechs to accelerate the rollout of digital products and services.
- Additionally, initiatives such as digital solutions for mutual fund and insurance businesses, CRM solutions for unified customer experience, digital contact centre to improve customer satisfaction and integration with the Account Aggregator ecosystem showcase the bank's commitment to digital innovation.
- Your Bank has introduced 20+ digital lending journeys covering various assets and liability products. These journeys enable digital sanctioning, renewal, and review of accounts.
- Notable digital lending journeys implemented include Mudra Kishor STP, Mudra Tarun STP, Pre-approved personal Loans (PAPL), education loans, fresh KCC loans, loans against deposits (LAD), and more.
- In its pursuit of future growth and innovation, Your Bank embraces emerging technologies such as AI/ML, 5G, Blockchain, Metaverse, and DevSecOps. Your Bank actively explores solutions, forms partnerships with fintech companies, and utilizes its Analytics Centre of Excellence (ACOE) and Data Lake to analyse customer data and preferences, enabling the delivery of personalized services.
- Your Bank has proactively established a strong cybersecurity culture to enhance digital trust among stakeholders. A dedicated Cybersecurity Centre of Excellence (CCoE) has been set up at the bank's premises in Hyderabad. Your Bank has implemented a 24x7 Cyber Security Operation Centre (C-SOC) with a skilled team to identify and prevent cyber threats.

## 9. ESG (Environment, Social & Governance) :

- Bank has prepared Integrated Annual Report in compliance of the Integrated Reporting Framework prescribed by the International Integrated Reporting Council, London duly categorising the Bank's products, services and performance during FY 2022-23 into six capitals, namely
  - Manufactured Capital
  - Financial Capital
  - Natural Capital
  - Intellectual Capital
  - Human Capital
  - Social and Relationship Capital
- In addition, the Bank has also endeavoured to comply with United Nations Sustainable Development Goals (UN-SDGs), Global Reporting Initiative Standards (GRI)' core option, which includes general disclosures as well as topic-specific disclosures relevant to the Bank.
- The Bank also embarked on an extensive Materiality Analysis Survey with the employees and customers to guide the strategic priorities outlined in this report. Through this analysis, the Bank has identified the topics as being the most significant to Bank's internal and external stakeholders materiality assessment. These material issues have also been mapped to UNSDGs, GRI and Sustainable Accounting Standards Board (SASB).
- At this juncture, I would like to congratulate Investor Services Division of Board Secretariat for bringing out the maiden Integrated Annual Report of the Bank for FY2022-23.
- The smooth integration of ESG factors in Business Strategy, Business Processes, Internal Governance Policies, Credit Rating/ Assessment, Disclosure framework, Data Management and Risk culture is of prime importance for Your Bank.
- Your Bank has become the founding member of the Indian Green Building Council (IGBC), a premier green rating organisation promoted

परिसंघ (सीआईआई) द्वारा प्रवर्तित एक प्रमुख ग्रीन रेटिंग संगठन है. 2022 से, जलवायु जोखिम को बैंक के उद्यम जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क के तहत एक प्रमुख जोखिम के रूप में माना जा रहा है.

» आज, आपका बैंक भारतीय वित्तीय क्षेत्र के प्रमुख संस्थानों में से एक है और एक टिकाऊ और जलवायु-जोखिम-आघात-सह संगठन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

» आपका बैंक अपने परिचालन में कार्बन फूटप्रिंट को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने उत्पादों और सेवाओं को संयुक्त राष्ट्र धारणीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ संरेखित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है.

» टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए, आपके बैंक ने उन उद्यमों के लिए अनुकूल शर्तें पेश की हैं जो पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं में निवेश करते हैं या हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाते हैं. यह पहल सतत विकास को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में मदद करती है.

» सामाजिक उत्थान पर बैंक के विशेष फोकस ने हमें महिलाओं, अल्पसंख्यक समुदायों और स्वयं सहायता समूहों जैसे कमजोर और वंचित वर्गों तक ऋण सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) जैसी हमारी पहल ग्रामीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और रेखांकित करती है. मार्च 2023 तक, 3,08,494 उम्मीदवारों को आरएसईटीआई में प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 2,05,525 को सफलतापूर्वक रोजगार मिला. आपका बैंक अच्छी कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है.

» बैंक ने सभी स्तरों पर प्रदर्शन के लिए निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूलभूत मूल्यों पर जोर दिया है, जिससे शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि हुई है और हितधारकों के हितों की रक्षा की जा सकी है.

» बैंक ने कॉर्पोरेट कार्यनीतियों, विवेकपूर्ण व्यावसायिक योजनाओं, प्रमुख जोखिमों की निगरानी और अपनी कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को अपनाने के माध्यम से इन उद्देश्यों को प्राप्त करने का अपना प्रयास जारी रखा है.

» बोर्ड ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस की एक संहिता तैयार की है. यह संहिता शीर्ष से ही अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन की भावना उत्पन्न करने में मदद करता है.

## 10. लाभांश :

» मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 10/- रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर (30%) पर 3.00 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है. यह निर्णय न केवल आपके बैंक की लाभप्रदता को प्रदर्शित करता है बल्कि इसके साथ-साथ उसकी निरंतर वृद्धि और स्थिरता में उसके विश्वास को भी दर्शाता है.

## 11. पुरस्कार और सम्मान :

वित्त वर्ष 2022-23 में, बैंक ने परिचालन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, उद्योग के समकक्षों, ग्राहकों और सम्मानित संगठनों से व्यापक मान्यता और प्रशंसाओं को अर्जित किया है. इनमें से कुछ नाम हैं:

» EASE **सुधार पुरस्कार**: आपके बैंक को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए EASE 4.0 के तहत तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. इसके अलावा, आपके बैंक नें ईं सुधारों के तहत वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के लिए दूसरा स्थान प्राप्त किया और वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में भी दूसरे स्थान पर खुद को बरकरार रखा है.

» वित्त वर्ष 2022-2023 की तीसरी तिमाही के लिए EASE 5.0 सुधार सूचकांक में प्रथम स्थान (डिजिटल रूप से सक्षम ग्राहक पेशकश, बड़ा डेटा और एनालिटिक्स)

» **आईबीए द्वारा बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार:** आपके बैंक ने आईबीए पुरस्कार-2022 द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक सहित छह पुरस्कार हासिल किए हैं.

» **डीएससीआई पुरस्कार:** आपके बैंक को सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं (बीएफएसआई) और सेक्युर्टी लीडर ऑफ द इयर (बीएफएसआई) के लिए मान्यता मिली है.

» **एसोचैम पुरस्कार:** आपके बैंक को बड़े बैंक के वर्ग में 8 सितंबर, 2022 को मुंबई में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की ऋण देने वाली कंपनियों हेतु आयोजित 17वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और पुरस्कारों में एसोचैम द्वारा विजेता घोषित किया गया है. इसके अलावा, बैंक को एसोचैम फाइनेंशियल कॉन्क्लेव 2023 द्वारा "वित्तीय इकोतंत्र में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ बैंकह्व से सम्मानित किया गया है.

by the Confederation of Indian Industry (CII). Since 2022, climate risk is being treated as a Principal Risk under Bank's Enterprise Risk Management Framework.

» Today, Your Bank is one of the premier institutions in the Indian Financial sector and is committed to building a sustainable and climate-risk-resilient organization.

» Your Bank is committed to reducing the carbon footprint of its operations and is focusing on aligning its products and services with the United Nations Sustainable Development Goals (SDGs).

» To drive sustainable business practices, your Bank introduced favorable terms for enterprises that invest in eco-friendly projects or adopt green technologies. This initiative helps promote sustainable development and mitigate the adverse effects of climate change.

» Bank's focus on social upliftment has led us to extend credit facilities to weaker and underserved sections, such as women, minority communities, and self-help groups. Our initiatives, like Rural Self Employment Training Institute (RSETI) further underscore our commitment to rural development. As of March 2023, 3,08,494 candidates were trained at RSETIs, with 2,05,525 successfully employed. Your bank is committed to good corporate governance practices.

» Bank has laid emphasis on the cardinal values of fairness, transparency and accountability for performance at all levels, thereby enhancing the shareholders' value and protecting the interests of the stakeholders.

» The Bank continued its pursuit of achieving these objectives through adoption of corporate strategies, prudent business plans, monitoring of major risks and pursuing policies and procedures to satisfy its legal and ethical responsibilities.

» The Board has framed a Code of Corporate Governance. The code helps to inculcate a spirit of good corporate governance right from the top.

## 10. Dividend:

» I am happy to announce that the Board of Directors of your Bank has recommended a dividend of ₹3.00 per equity share of face value ₹10/- each for the year ended March 31st, 2023. This decision showcases not only your Bank's profitability but also its confidence in its sustained growth and stability.

## 11. Awards and Accolades:

In the financial year 2022-23, the Bank has demonstrated excellence in various aspects of operations, earning widespread recognition and appreciation from industry peers, customers and esteemed organisations alike. To name a few:

» **EASE Reforms Award:** Your Bank has received three awards under EASE 4.0 for FY 2021-22. Further, Your Bank Earned 2nd Rank for Q1 FY 2022-23 and retained the 2nd Rank for Q2 FY 2022-23 under EASE reforms.

» 1st rank in **EASE 5.0 Reforms Index for Q3 FY 2022-2023** (Digitally enabled customer offerings, BIG Data and Analytics).

» **Banking technology Award by IBA:** Your Bank has secured six awards including Best Technology Bank by IBA Award-2022.

» **DSCI Awards:** Your Bank has Recognized for Best Security practices (BFSI) & Security Leader of the Year (BFSI).

» **ASSOCHAM Awards:** Your Bank was declared the Winner by ASSOCHAM at the 17 National Summit & Awards on Banking and Financial Sector Lending Companies held in Mumbai on September 8, 2022, under the Class Large Bank. Further, the Bank has been awarded "Best Bank of the Year in the Financial Ecosystem by ASSOCHAM Financial Conclave 2023.

» **HR Awards:** Honored with various awards, including, Golden Peacock HR Excellence Awards 2022, Future of Workplace Disruptor 2022 (Large Enterprise) at the Mint W3 Champions 2022, Most Preferred Workplaces in BFSI 2022 by Team Marksmen, Innovation in HR Transformation at the BAI

» **एचआर पुरस्कार:** विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित, जिनमें गोल्डन पीकॉक एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार 2022, मिंट डब्ल्यू 3 चैंपियंस 2022 में फ्यूचर ऑफ वर्कप्लेस डिसरप्टर 2022 (बड़े उद्यम), टीम मार्क्समेन द्वारा बीएफएसआई 2022 में सबसे पसंदीदा कार्यस्थल, एचआर परिवर्तन में नवाचार, बीएआई ग्लोबल इनोवेशन, एनसीपीईडीपी में रोल मॉडल कंपनियां- एलटीआई माइंडट्री हेलेन केलर अवार्ड्स-2022 आदि पुरस्कार शामिल हैं.

» इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक" श्रेणी में गोल्ड शील्ड से सम्मानित किया गया है.

## 12. आउटलुक :

» कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2023 बैंक के लिए एक अच्छा वर्ष रहा है. इस वर्ष हमारा प्रदर्शन निरंतर विकास और परिचालन दक्षता के एक आकर्षक कहानी को बयां करता है. आपके बैंक ने बदलते परिचालन कारोबारी माहौल में विकास, आघात-सहनीयता, नवाचार और सामाजिक व पर्यावरणीय जागरूकता का प्रदर्शन किया है. आगे देखते हुए, बैंक अपने व्यवसाय और मुनाफे में सुधार करने, ग्राहक मूल्य बढ़ाने, तकनीकी प्रगति को अपनाने और हमारे देश की सामाजिक आर्थिक प्रगति में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है.

## 13. अभिस्वीकृतियाँ :

शेयरधारकों और बोर्ड की ओर से, मैं सभी शेयरधारकों, हमारे सम्मानित ग्राहकों, भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण, केंद्रीय सतर्कता आयोग और अन्य संस्थानों को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं.

मैं अपने बोर्ड के सदस्यों के प्रति भी अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने इस कठिन समय के दौरान प्रबंधन टीम के साथ काम करने में लंबा समय बिताया है.

मैं हमारी एमडी ़ सीईओ और उनकी टीम को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एक ऐसा संस्थान बनाने की दिशा में जहां हम सभी उसपर गर्व कर सकते हैं की मजबूत प्रतिबद्धता साकार करने के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं.

मैं बैंक के समस्त कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता, ,समर्पण और सेवा के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूं.

हम भविष्य में भी आपके समर्थन और सहयोग की आशा करते हैं.

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद.

**श्रीनिवासन वरदराजन**

Global Innovation, Role Model Companies at NCPEDP- LTI Mindtree Helen Keller Awards-2022 etc.

- Gold Shield has been awarded by the Institute of Chartered Accountants of India in the category "Public Sector Banks" for excellence in Financial Reporting i.e. for the Annual Report of the Bank for FY2021-22.

## 12. Outlook:

- Overall FY23 has been a good year for the Bank. Our performance for the year portrays a compelling story of consistent growth and operational efficiency. Your Bank has demonstrated growth, resilience, innovation, and social and environmental awareness in the changing operating business environment. Looking ahead, Bank remain committed to improve its business and profits, enhancing customer value, embracing technological advancements, and contributing to the socioeconomic progress of our nation.

## 13. Acknowledgements:

On behalf of the Shareholders and the Board, I convey my sincere gratitude to all the shareholders, our esteemed customers, Govt of India, Reserve Bank of India, Securities & Exchange Boards of India, Insurance Regulatory and Development Authority of India, Central Vigilance Commission and other institutions for the valuable guidance and support.

I also wish to place my deep gratitude to members of our Board who have spent long hours working with the Management team during these trying times.

I would also like to thank our MD & CEO and her team for their strong commitment towards making Union Bank of India an institution that we all can be proud of.

My special gratitude is to all the employees of the Bank for their commitment, dedication and service.

We continue to look forward for your support and patronage.

Thank you very much

**Srinivasan Varadarajan**


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
Union Bank of India
A Government of India Undertaking
Azadi Ka Amrit Mahotsav
G20
VYOM
MOBILE APP
INSTANT CASH AGAINST GOLD
GOLD
Shape your dreams with Union Gold Loan
Union ₹ Gold Loan
Avail Gold Loan up to ₹ 1 Crore*
• Overdraft Facility ₹ 5 - 50 lakhs
• Union MSME Gold Loan Plus: 0% Processing fee up to ₹ 10 lakhs
• Union Swarna Shakti Loan: Max. ₹ 20 lakhs & 0% Processing fee
• Union Krishi Kamdhenu Loan: Up to 85%* of value of gold
• Low Interest Rate: Agri/MSME/Personal loans
• Minimal Documentation & Instant disbursal
*T&C Apply
For more details or to open an account, contact or visit your nearest branch
(Toll Free No.) 1800 208 2244 / 1800 425 1515 / 1800 425 3555 | www.unionbankofindia.co.in
@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia

अध्यक्ष का संदेश /
Chairman's Speech
2023



*यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में, हम एक उज्ज्वल, हरित और सशक्त भारत में विश्वास करते हैं, जहाँ हर कोई नवाचार एवं वित्तीय पहुँच का लाभ उठाकर समृद्ध हो सकता है.*

*AT UNION BANK OF INDIA, WE BELIEVE IN A BRIGHTER, GREENER, AND MORE CONNECTED INDIA, WHERE EVERYONE CAN PROSPER AND ENJOY THE BENEFITS OF INNOVATION AND FINANCIAL ACCESS.*

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

हेल्पलाईन नंबर / Helpline Nos.: 1800 208 2244 / 1800 425 1515 / 1800 425 3555
**www.unionbankofindia.co.in**

अध्यक्ष का संदेश 2023
डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
Scan the QR Code to download
**Chairman's Speech 2023**

@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia

अवांछित ईमेल से सतर्क रहे जो तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं
Be wary and cautious of unsolicited emails that demand immediate action